# नव भारत

1934 से




5 किसानों के लिए नया रोडमैप तैयार




6 प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव के बाद राघव चड्ढा पर गिरी गाज



7 ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश : निर्मला



10 सिंधु, लक्ष्य संभालेंगे भारतीय चुनौती

## एक नजर में



### आप नेता ने पेट्रोल डाल की आत्मदाह की कोशिश

**बीना.** शहर के भीम वार्ड एवं गणेश वार्ड की सीमा पर स्थित अंग्रेजी एवं देशी कंपोजिट शराब दुकान को हटाने की मांग ने उस समय उग्र रूप ले लिया है, जब आप नेता निर्मल रैकवार ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की. पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए तत्काल निर्मल पकड़ा. इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया. मौके पर पुलिस थाना प्रभारी अनूप यादव, आरपीएफ प्रभारी कमल सिंह सहित छोटी बजरिया चौकी एवं पुलिस स्टाफ मौजूद था.

### असम, केरल और पुडुचेरी में चुनाव प्रचार थमा

**नई दिल्ली.** असम, केरल और पुडुचेरी में चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम समाप्त हो गया. इन तीनों जगहों पर 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि मतगणना 4 मई को की जाएगी. असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों पर एक साथ वोट डाले जाएंगे. तीनों राज्यों/केंद्रशासित प्रदेश में दलों ने अंतिम समय तक प्रचार किया.

# ईरान के 'ऑयल हब' पर हमला

## क़यामत : विश्व भर में कच्चे तेल की सप्लाई रुकने का खतरा

**90** प्रतिशत कच्चे तेल की यहां से होती है सप्लाई

**06** लोगों की ईरान के पारदीस प्रांत में हुई मौत



**तेहरान, 07 अप्रैल. ईरान के सबसे महत्वपूर्ण तेल ठिकाने खार्ग आइलैंड पर ताबड़तोड़ हमले किए गए. वहीं ईरान के पूर्वी प्रांत पारदीस में अमेरिका और इजरायल के हमले में तीन बच्चों समेत कम से कम छह लोग मारे गए हैं. बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को ईरान को कड़ी चेतावनी दी थी और कहा था ईरान को एक रात में पूरी तरह तबाह कर देंगे.**

खार्ग आइलैंड पर स्थित तेल निर्यात केंद्र को इन हमलों में भारी नुकसान पहुंचा है. बता दें कि यह टापू ईरान के लिए रीढ़ की हड्डी जैसा है, क्योंकि ईरान का 90 प्रतिशत कच्चा तेल यहीं से दुनिया भर में भेजा जाता है. यहां करीब 3 करोड़ बैरल तेल जमा करने की क्षमता है. इस हमले के बाद अब पूरी दुनिया में कच्चे तेल की सप्लाई रुकने का खतरा पैदा हो गया है.

हमले से बौखलाई ईरानी सेना ने अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को सीधे शब्दों में चेतावनी दी है. ईरान ने कहा है कि वह अब अमेरिका के करीबियों के गैस और तेल ठिकानों को निशाना बनाएगा और पूरे क्षेत्र में ईंधन की सप्लाई को सालों के लिए ठप कर देगा. उन्होंने साफ कहा कि अगर ईरान की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया, तो मिडिल ईस्ट के अन्य देशों के ऊर्जा ठिकाने राख के ढेर में बदल दिए जाएंगे.

### भारतीय दूतावास ने 'इमरजेंसी' एडवाइजरी की जारी

ईरान में तबाही मचाने की ट्रंप की धमकियों के बीच तेहरान में भारतीय दूतावास ने अपने लोगों के लिए 'इमरजेंसी' एडवाइजरी जारी की है. दूतावास ने ईरान में मौजूद सभी भारतीयों से कहा है कि अगले 48 घंटों तक किसी भी हाल में बाहर न निकलें. भारतीय नागरिक किसी भी इलेक्ट्रिक इंस्टॉलेशन, पावर प्लांट, मिलिट्री ठिकानों या सरकारी इमारतों के पास न जाएं. यह निर्देश इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये ठिकाने किसी भी हमले की स्थिति में प्राइम टारगेट हो सकते हैं.

### ईरान के मशहद शहर में रेल सर्विस रोकी गईं

इजराइल की चेतावनी के बाद ईरान के मशहद शहर में रेलवे सेवाएं रोक दी गई हैं. मशहद रेलवे स्टेशन से आने-जाने वाली सभी ट्रेनें अगले आदेश तक बंद कर दी गई हैं. इससे पहले मंगलवार को इजराइल की सेना ने ईरान के लोगों से अपील की थी कि वे पूरे देश में ट्रेन से यात्रा न करें और रेलवे लाइनों से दूर रहें.

### अमेरिका ने 25 .4 अरब डॉलर की मांग की

अमेरिका के रक्षा विभाग ने ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान इंटरसेप्टर मिसाइलों की कमी को पूरा करने के लिए वित्त वर्ष 2027 में बजट में कई गुना वृद्धि का प्रस्ताव रखा है. अमेरिका टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस और पैट्रियट एडवांस्ड कैपेबिलिटी-3 मिसाइल सेगमेंट एन्हांसमेंट मिसाइलों के लिए कुल 25 .4 अरब डॉलर का प्रावधान करना चाहता है.

# स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए मिलकर करें काम

**नई दिल्ली, 07 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्यकर्मियों के समर्पण और सेवा भाव की सराहना की. उन्होंने सभी नागरिकों को उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं और लोगों से अपील की कि वे स्वस्थ रहने के लिए हर संभव प्रयास करें.**



पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा, विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हम उन सभी लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं, जो दूसरों की सेवा में अथक रूप से समर्पित हैं और एक स्वस्थ पृथ्वी के निर्माण की दिशा में कार्य कर रहे हैं. हम एक स्वस्थ समाज के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं. आइए, हम सभी मिलकर स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने और प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए निरंतर कार्य करते रहें. उन्होंने आगे कहा, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मैं सभी देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं. (शेष पेज 8 पर)

### लाम को राष्ट्रपति चुने जाने पर पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली, 07 अप्रैल.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो लाम को वियतनाम का राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी है और कहा है कि वह उनके साथ मिलकर दोनों देशों की प्रगति तथा समृद्धि के लिए काम करेंगे. पीएम मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, वियतनाम समाजवादी गणराज्य के राष्ट्रपति के रूप में तो लाम के चुनाव पर हार्दिक बधाई. मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में हमारे दोनों देशों के बीच सदियों पुरानी मित्रता और भी मजबूत होगी.

# राजेंद्र भारती केस में 15 को होगी सुनवाई

**ग्वालियर, 7 अप्रैल। कांग्रेस नेता और दतिया के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती से जुड़े मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाते हुए अब अगली सुनवाई 15 अप्रैल तय की है।**

मंगलवार को इस मामले में सुनवाई होनी थी लेकिन कोर्ट ने इसे स्थगित कर दिया। साथ ही हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर 15 अप्रैल को न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। इससे पूर्व एमपी-एमएलए कोर्ट ने सहकारिता बैंक भ्रष्टाचार मामले में राजेंद्र भारती को तीन साल की सजा सुनाई थी। सजा के बाद विधानसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता भी शून्य घोषित कर दी थी। इसी फैसले को चुनौती देते हुए कांग्रेस ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस पूरे मामले को लेकर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। वहीं भाजपा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि अदालत का फैसला ही अंतिम सत्य है और कानून अपना काम कर रहा है।

# अनंत अंबानी ने दो मंदिरों को 6 करोड़ का दिया दान



**मुंबई, 07 अप्रैल.** रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी ने केरल के दो प्रमुख धार्मिक स्थलों राजराजेश्वरम और गुरुवायूर मंदिर की यात्रा के दौरान मंदिर संरक्षण और पशु कल्याण से जुड़ी कई पहलों की घोषणा की. उन्होंने दोनों मंदिरों को कुल 6 करोड़ का दान दिया और राजराजेश्वरम मंदिर के व्यापक जीर्णोद्धार के लिए 12 करोड़ देने की प्रतिबद्धता जताई. अनंत ने उत्तर केरल के कन्नूर जिले के तलिपरंबा शहर में स्थित प्राचीन राजराजेश्वरम मंदिर को 3 करोड़ का दान दिया. मंदिर के व्यापक जीर्णोद्धार के लिए वे अतिरिक्त 12 करोड़ दान देंगे. इस योजना में मंदिर के ऐतिहासिक ईस्ट गोपुरम का पुनर्निर्माण भी शामिल है, जो लंबे समय से जर्जर स्थिति में था. साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे और पार्किंग व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।





